अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में आयुष्मान भारत दिवस का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में अग्रवाल महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव श्री दिनेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता जी के दिशा–निर्देशन में हेल्थ अवेयरनेस क्लब तथा सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स क्लब के द्वारा आयुष्मान भारत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता श्री पंकज नागर (काउंसलर ICTC, सिविल हॉस्पिटल बल्लबगढ़) थे।
उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य भारतीय स्वास्थ्य सेवाओं को समृद्धि, प्रसन्नता और जन समर्थन के साथ अधिक पहुंच को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने यह भी बताया कि इस दिन को मनाने से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में सुधार होता है और लोगों को आर्थिक रूप से सहायता करने का मौका भी मिलता है। यह दिन भारतीय समाज के स्वास्थ्य सेवाओं के मानवीय मूल्य को समझने और महत्वाकांक्षा को बढ़ावा देने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस कार्यक्रम में कुल 42 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. जयपाल सिंह (संयोजक, हेल्थ अवेयरनेस क्लब) की देखरेख में डॉ गीता गुप्ता, सुभाष कैलोरिया, एवं श्रीमती नेहा गोयल (समन्वयक, एसडीजी क्लब) द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।